


**मेहसाना-गुज.।** नवनिर्मित सेवाकेन्द्र **'गॉडली पैलेस'** के उद्घाटन व चार बहनों के समर्पण समारोह के अवसर पर दीप प्रज्वलित करते हुए मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी। साथ हैं ब्र.कु. मुन्नी, ब्र.कु. करुणा, ब्र.कु. सरला,ज़ोनल डायरेक्टर, ब्र.कु. सरला, सबज़ोन इंचार्ज,मेहसाना, ब्र.कु. तृप्ति, ब्र.कु. हंसा, ब्र.कु. अमर, ब्र.कु. कुसुम व अन्य।

# आध्यात्मिक शांति ही विश्व की समस्याओं का समाधान: दादी

**उज्जैन।** ओम शांति का अनहद नाद हमारे अंदर गूंजता रहे। ओम शांति के सही अर्थ को मानना, जानना और करना तीनों ठीक हों तो ओम शांति का महामंत्र जीवन में सुख, शांति और परिवर्तन लाने में मददगार सिद्ध होगा। उक्त विचार ब्रह्माकुमारीज़ की संयुक्त मुख्य प्रशासिका **दादी रतनमोहिनी** ने ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दत्त अखाड़ा क्षेत्र में बड़नगर रोड पर लगाए गए सत्यम शिवम सुंदरम मेले के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किये।

समारोह में उपस्थित परमार्थ निकेतन आश्रम,ऋषिकेश के अध्यक्ष **स्वामी चिदानंद ससस्वती** ने कहा कि मेला लोगों के मेल-मिलाप के लिए होता है न कि मैला होने के लिए। मेला अनुशासन के हाथ में हो, शासन के हाथ में नहीं। उन्होंने कहा कि ओम शांति में बहुत शक्ति है, इसे हमें अपनी दिनचर्या का अंग बानाना होगा।

केन्द्रीय सिंहस्थ मेला आयोजन समिति के सदस्य **माखन सिंह** ने बताया कि अब अच्छाई के लिए संघर्ष करने का समय आया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ब्रह्माकुमारीज़ के इस मेले से समाज को सुखमय बनाने में मदद मिलेगी।

चारधाम उज्जैन के महामण्डलेश्वर **स्वामी शान्ति स्वरूपानंद गिरी जी** ने कहा कि समाज के वर्तमान हालात को देखते हुए आज पुन: मंथन और चिंतन करने का समय आ पहुंचा है। ज्ञानामृत पत्रिका के संपादक ब्र.कु. आत्मप्रकाश ने कहा कि इस आध्यात्मिक मेले से मनुष्य को उसके सबसे बड़े प्रश्न 'मैं कौन हूँ' का जवाब मिलेगा। उज्जैन के सांसद चिन्तामणि मालवीय ने मेले की सफलता के लिए शुभ कामनाएं दीं। ब्र.कु. मृत्युंजय ने कहा कि उज्जैन की पावन भूमि पर इस आध्यात्मिक मेले से विश्व में शांति स्थापित करने में मदद अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर माउण्ट आबू से आयीं ब्र.कु. मुन्नी, म.प्र. के शिक्षा राज्यमंत्री पारस जैन आदि गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. कमला ने किया। कार्यक्रम का संचालन इलाहाबाद की वरिष्ठ राजयोग शिक्षका ब्र.कु. मनोरमा ने किया।



उज्जैन में कुम्भ मेले में 'सत्यम शिवम सुंदरम मेले' में दीप प्रज्वलित करने के उपरांत संयुक्त मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी के साथ सभी अतिथिगण सभा का अभिवादन करते हुए।

## इन्दौर में ओम प्रकाश भाईजी सभागार का उद्घाटन

- सभागार का उद्घाटन दादी रतनमोहिनी जी के कमल हस्तों द्वारा।
- इससे हुई ताज़ा इंदौर ज़ोन के पूर्व निदेशक भाईजी की स्मृतियाँ।
- भाईजी ने इंदौर सहित मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और समीपवर्ती उड़ीसा के क्षेत्रों में मनुष्यों के अंदर आध्यात्मिकता की अलख जगाई।
- भाईजी की आशा को परिपूर्ण करना हमारा उत्तरदायित्व-ब्र.कु. मुन्नी
- उनके द्वारा किये गये कर्म लोगों को हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे - रमेश मित्तल, कुलाधिपति,मेडिकेप्स विश्व विद्यालय।
- मेडिकेप्स विश्व विद्यालय के कुलाधिपति रमेश मित्तल ने कहा कि ओम प्रकाश जी का व्यक्तित्व सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण था।

- जनता को मिला दादी का आशीर्वाद।
- ब्रह्माकुमारी संस्थान की धूमधाम से निकली पेशवाई व हुआ दादी रतनमोहिनी का भव्य स्वागत।
- मनोरमा गार्डन में मध्यप्रदेश शासन की ओर से शिक्षा राज्यमंत्री पारस जैन ने दादी का किया अभिनंदन।
- दो किलोमीटर से भी ज़्यादा लम्बी इस पेशवाई में सबसे आगे श्वेत वस्त्रों में 101 ब्रह्माकुमारी बहनें निकलीं सिर पर कलश लेकर।
- लगभग 10 हज़ार श्रद्धालु हुए शामिल।
- नगर वासियों में दादी रतन मोहिनी के दर्शन के लिए देखने को मिला भारी उत्साह।

# नवनिर्मित भवन उद्घाटन व दिव्य समर्पण समारोह




समारोह में सम्बोधित करते हुए दादी रतनमोहिनी। साथ हैं माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, वी.ईश्वरैय्या, ब्र.कु. अमीरचंद व अन्य मेहमान।

**करनाल-सेक्टर 7-9।** ब्रह्माकुमारीज़ एक अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक एवं सामाजिक संस्था ही नहीं, विचारधारा भी है। यह संस्था समाज को नई राह दिखाने का काम कर रही है। ये उद्गार हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ब्रह्माकुमारीज़ के करनाल सेवाकेन्द्र द्वारा आयोजित 'नवनिर्मित भवन उद्घाटन व दिव्य कन्या समर्पण समारोह' में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ पूरे विश्व को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है, इनके द्वारा चलाये गए कार्यों से हमें सीख लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ महिला सशक्तिकरण, बेटी पढ़ाओ सशक्त बनाओ, स्वच्छता मिशन आदि महत्वपूर्ण अभियानों में बढ़चढ़ कर भाग ले रही है। दिव्य समर्पण समारोह में ब्रह्माकुमारीज़ माउण्ट आबू की संयुक्त मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी ने कहा कि जब-जब धर्म की अति ग्लानि होती है तब-तब भगवान गुप्त रूप में आकर समाज को आईना दिखाने का काम करते हैं।

समारोह में पिछड़ी जाति राष्ट्रीय आयोग भारत सरकार के चेयरमैन न्यायमूर्ति वी.ईश्वरैय्या ने कहा कि करनाल में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित ऐसा पर्व उन्होंने कहीं नहीं देखा है। ब्रह्माकुमारी बनना आसान काम नहीं है।

- करनाल में पाँच कन्याओं का हुआ समर्पण समारोह
- शुद्ध संकल्प ही जीवन में सफलता का मूलमंत्र - मनोहर लाल खट्टर
- चरित्र निर्माण का अद्भुत कार्य सिर्फ ब्रह्माकुमारीज़ ही कर रही है।
- धर्म की अति ग्लानि के समय परमात्मा आकर हमें दिखाते सत्य मार्ग - दादी रतनमोहिनी।
- एक निश्चित उद्देश्य का संकल्प लेकर करती है कार्य ब्रह्माकुमारीज़ - वी. ईश्वरैय्या।

समारोह में मुख्य संसदीय सचिव बख्शीश सिंह विर्क ने कहा कि वर्तमान समय में जिस भी व्यक्ति को शान्ति चाहिए उसे माउण्ट आबू आध्यात्मिक जगह घूमकर आना चाहिए। इस अवसर पर हैफेड के चेयरमैन व घरोंडा के विधायक हरविन्दर कल्याण ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ के कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष में चल रहे हैं। यह श्रेष्ठ व्यक्तित्व के निर्माण के लिए कार्य कर रही है।

बी.जे.पी के जिलाध्यक्ष भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ पूरे विश्व को जीने की कला सिखाने का काम कर रही है। इस अवसर पर ब्र.कु. अमीरचन्द, ब्र.कु. मृत्युंजय, ब्र.कु. भूपाल ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये तथा करनाल की पाँच कन्याओं का दिव्य समर्पण समारोह हुआ जिसमें ब्र.कु. पूजा, ब्र.कु. सुमन, ब्र.कु. मीना, ब्र.कु. रीना, ब्र.कु. रजनी शामिल हैं।




दादी रतनमोहिनी के साथ समारोह के दौरान केक काटते हुए माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, वी. ईश्वरैय्या, ब्र.कु. अमीरचंद, मेयर रेणु बाला, ब्र.कु. प्रेम बहन, अतिथिगण व कन्याएं।

कार्यालय- ओम शान्ति मीडिया, संपादक- ब्र.कु.गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न.- 5, आबू रोड (राज.)- 307510, सदस्यता के लिए सम्पर्क- M - 9414006096, 9414182088,
Email- mediabkm@gmail.com, omshantimedia@bkivv.org, Website- www.omshantimedia.info
सदस्यता शुल्क: भारत - वार्षिक 190 रुपये, तीन वर्ष 570 रुपये, आजीवन 4500 रुपये । विदेश - 2500 रुपये (वार्षिक) कृपया सदस्यता शुल्क 'ओमशान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/15-17, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2015-17, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 3rd May 2016
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।